SYNERGY

आपकी जानकारी के लिए

BSES
BSES Yamuna Power Limited
...a joint venture with GONCTD

मार्च, 2014

होली मुबारक! सभी बोर्ड परीक्षार्थियों को बीवाईपीएल की ओर से हार्दिक शुभकामनाएँ।

बीवाईपीएल को मिला ग्रीनटेक एन्वायरमेंट अवॉर्ड

14वें एनुअल ग्रीनटेक एन्वायरमेंट अवॉर्ड्स के दौरान बीवाईपीएल को प्रतिष्ठित ग्रीनटेक एन्वायरमेंट अवॉर्ड 2013 से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही, बीवाईपीएल इस समारोह में, यह अवॉर्ड पाने वाली एकमात्र बिजली वितरण कंपनी बन गई है। पर्यावरण को बचाने की खातिर ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी लाने की दिशा में बीवाईपीएल द्वारा किए गए कार्यों की वजह से कंपनी को यह पुरस्कार मिला है। इस पुरस्कार को हासिल करने में जिन बिंदुओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, वे हैं– सौर ऊर्जा का उत्पादन, पानी की पंपिंग के लिए ग्रीन पावर, अर्थ आवर, ऊर्जा संरक्षण, और सीएफएल व एलईडी को प्रोत्साहन।

कूल आइडियाज

- अपने घर को हवादार बनाएं। इससे आपका घर प्राकृतिक रूप से ठंडा रहेगा और इस तरह बिजली का उपयोग स्वतः घटेगा। मोहित के गोयल, अग्रसेन अपार्टमेंट्स, 66, आईपी एक्सटेंशन, दिल्ली– 92
- दीवारों पर हल्के रंग जैसे सफेद, क्रीम, पीला आदि इस्तेमाल करें। इससे आपका घर ब्राइट भी दिखेगा। सीएफएल का इस्तेमाल करें। चित्त रंजन
- बिजली से चलने वाले उपकरणों की जगह प्राकृतिक रोशनी और हवा का उपयोग करें। परदे हटाएं और अपने कमरे में प्राकृतिक रोशनी आने दें। संभव हो, तो एलईडी लाइट्स लगवाएं। कोशिश करें कि एक ही कमरे में सोएं, इससे आपका एक ही एसी चलेगा। राहुल कुमार, 4/2370 बी, स्ट्रीट नंबर 8, बिहारी कॉलोनी, शाहदरा, दिल्ली– 32
- एसी पर टाइमर लगवाएं। रूम छोड़ते वक्त लाइट्स को ऑफ कर दें। दिन में प्राकृतिक रोशनी का इस्तेमाल करें। सीएफएल लगवाएं और दीवारों पर सफेद पेंट करवाएं। विकास गुप्ता, 59, एफएफ, स्ट्रीट नंबर 3, मदन पार्क, ईस्ट पंजाबी बाग, नई दिल्ली– 26
- जहां तक संभव हो, प्राकृतिक रोशनी का इस्तेमाल करें। मनीश रावत, 35/12, त्रिलोकपुरी, दिल्ली– 92
- आईएसआई मार्क वाले प्रॉडक्ट इस्तेमाल करें। सोच–समझकर बिजली खर्च करें। प्रेक्षा सेन, डी– 364, आनंद विहार, दिल्ली– 92

www.bsesdelhi.com पर लॉगऑन करें और अपने कूल आइडियाज शेयर करें।

हम हमेशा आपके लिए उपलब्ध हैं, कॉल करें 399 99 808

बेहतर मासिक बजट के लिए मंथली बिलिंग

अब बिजली के बिल भी फोन, मोबाइल, इंटरनेट, क्रेडिट कार्ड, डीटीएच, केबल आदि की तरह मासिक हो गए हैं। उपभोक्ताओं से मिले फीडबैक के आधार पर, बीवाईपीएल ने फरवरी से अपने सभी सम्मानित उपभोक्ताओं के लिए मंथली बिलिंग व्यवस्था लागू कर दी है। अभी तक पूर्वी और मध्य दिल्ली के सिंगल फेज उपभोक्ताओं के लिए द्वैमासिक यानी बायमंथली बिलिंग की व्यवस्था थी। मासिक बिलिंग हो जाने से उपभोक्ता अपने घरेलू बजट की बेहतर योजना बना सकेंगे। अंतरराश्ट्रीय स्तर पर भी बिजली बिलिंग की यही व्यवस्था है।

खास बात यह है कि द्वैमासिक बिलिंग व्यवस्था के तहत जो भी सुविधाएं उपभोक्ताओं को मिलती रही हैं, वे सभी अब भी लागू रहेंगी, जैसे– बिल का भुगतान करने के लिए 15 दिनों का वक्त और सब्सिडी व स्लैब से संबंधित लाभ जहाँ लागू हो।

मंथली बिलिंग के बारे में उपभोक्ताओं को पूरी जानकारी देने के लिए, बीवाईपीएल हेल्पलाइन नंबर 011–399–99–808 पर एक पूर्ण समर्पित विकल्प दिया गया है। उपभोक्ता वहां से मंथली बिलिंग के बारे में जानकारी ले सकते हैं।

मंथली बिलिंग के फायदे :

- उपभोक्ता अपने मासिक खर्चों का बेहतर प्रबंधन कर पाएंगे।
- मोबाइल/ लैंडलाइन फोन, केडिट कार्ड, केबल/ डीटीएच/लोन रीपेमेंट/ ईएमआई आदि के बिलों के साथ ही बिजली बिल का भी भुगतान हो जाएगा। इसके लिए, उपभोक्ताओं को अलग से विशेष समय निकालने की जरूरत नहीं पड़ेगी।
- बिल देखते ही उपभोक्ता अपनी मासिक बिजली खपत के बारे में जान जाएंगे और उस हिसाब से अपनी खपत पर लगाम लगाना उनके लिए आसान होगा।

लगभग आधे दामों पर एलईडी बल्ब्स

बीवाईपीएल ने उच्च गुणवत्ता वाले एलईडी बल्ब्स और ट्यूबलाइट्स बनाने वाली कंपनी इकोलाइट के साथ समझौता किया है। इसके तहत, बीवाईपीएल के 16 ऑफिसों में लगे स्पेशल कियॉस्क्स पर, लगभग आधे दामों पर एलईडी बल्ब्स उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यह ऑफर 31 मार्च तक जारी रहेगा।

एलईडी	एमआरपी	ऑफर के साथ	कीमत छूट (प्रतिशत)
7 वॉट बल्ब	550 रू	299 रू	46
5 वॉट बल्ब	500 रू	275 रू	45
18 वॉट ट्यूबलाइट	1500 रू	990 रू	34

छह नए बिल भुगतान केंद्र

डिविजन	पता
कृष्णा नगर	66 केवी ग्रिड सबस्टेशन, क्रांति नगर ग्रिड, दिल्ली – 110051
कृष्णा नगर	66 केवी ग्रिड सबस्टेशन, कैलाश नगर ग्रिड, दिल्ली – 110031
लक्ष्मी नगर	66 केवी ग्रिड सबस्टेशन, शकरपुर ग्रिड, दिल्ली – 110092
यमुना विहार	33 केवी ग्रिड सबस्टेशन, यमुना विहार, दिल्ली – 110053
दरियागंज	सहायता केंद्र, जामा मस्जिद क्षेत्र, दिल्ली – 110006
शंकर रोड	ग्रिड सबस्टेशन, शास्त्री पार्क, करोल बाग, नई दिल्ली – 110055

अन्य बिजली वितरण कंपनियों की तरह बीवाईपीएल भी योजनाबद्घ तरीके से बिजली वितरण सिस्टम के रखरखाव और उन्नतिकरण का काम कर रही है। इस कम में हमें संबंधित इलाके में शटडाउन लेना पड़ता है। आप, अपने इलाके में बिजली नेटवर्क की मरम्मत व रखरखाव संबंधित जानकारियों के लिए क्लिक करें www.delhisldc.org और www.bsesdelhi.com

अपने सुझाव व विचार हमें इस पते पर भेजें– कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस, बीवाईपीएल, शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली – 110032। अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.bsesdelhi.com देखें या कॉल करें +91 11 300–99–999

मुद्रितः फेंड्स कलर इमेजेस प्राइवेट लिमिटेड, 148, सेक्टर 4, आईएमटी मानेसर, गुड़गांव, हरियाणा – 122050 की ओर से बीवाईपीएल, शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली – 110032